GSTIN : 23AACCK4616K4ZK
CIN No. L24124RJ2004PLC019288
www.krishnaphoschem.com
accounts@krishnaphoschem.com

OGI
OSTWAL

KRISHANA PHOSCHEM LTD.
(An ISO 9001:2015 Certified Company)

Date: 27.01.2021

To,
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E)
Mumbai – 400 051

Dear Sir / Madam

Sub: Submission of Newspaper Cutting of Board Meeting (BM)

Please find enclosed herewith extract of newspaper advertisement published for intimation of notice of Board meeting of the Company, to be held on Tuesday the 02nd February, 2021, published in two newspapers viz. The Financial Express (English Edition) and Nafa Nuksan (Hindi Edition) on 26th January, 2021 in terms of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

This is for your information and record.

For Krishana Phoschem Limited

KRISHANA PHOSCHEM LTD. BHILWARA

Priyanka Bansal

(Priyanka Bansal)
Company Secretary

Scanned with CamScanner

Zydus Wellness

ZYDUS WELLNESS LIMITED

A Subsidiary of Cadila Healthcare Limited

[CIN-L15201GJ1994PLC023490]

Regd. Office : Zydus Corporate Park, Scheme No. 63, Survey No. 536, Near Vaishnodevi Circle, Khoraj (Gandhinagar), Sarkhej - Gandhinagar Highway, Ahmedabad - 382481.

Telephone : +91-79-71800000, +91-079-48040000

Website: www.zyduswellness.in, Email: dhanraj.dagar@zyduswellness.com

NOTICE

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29[1] of SEBI [Listing Obligations and Disclosure Requirements] Regulations, 2015, a Board Meeting of Zydus Wellness Limited will be held on Monday, February 1, 2021 to consider amongst others agenda items, the unaudited financial results for the quarter / nine months ended on December 31, 2020.

Notice is available on the website of the Company–www.zyduswellness.in and on the website of BSE Limited–www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited–www.nseindia.com.

For **ZYDUS WELLNESS LIMITED**

DHANRAJ P. DAGAR

Company Secretary

Place : Ahmedabad

Date : January 25, 2021

Greenlam www.greenlamindustries.com

GREENLAM INDUSTRIES LIMITED

TAI INDUSTRIES LIMITED

CIN: L01222WB1983PLC059695

Registered Office: Anhant Building, 3rd Floor, 53A, Mirza Ghalib Street, Kolkata – 700 016

Phone No.: (033) 2226 0938, 4041 6666

Fax: (033) 2249 7319

E-mail: info@taiind.com

Website: www.taiind.com

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on 4th February, 2021, to inter alia, consider and approve the Company's Unaudited Financial Results for the Quarter / Nine months ended 31st December, 2020.

This intimation is also available on the website of the Company at www.taiind.com and on the website of the Bombay Stock Exchange at www.bse.india.com.

By Order of the Board

(Priyanka Mukherjee)

Company Secretary& Compliance Officer

Place : Kolkata

Date: 26.01.2021

K G DENIM LIMITED

CIN: L17115TZ1992PLC003798

Regd. Office : Then Thirumalai, Jadayampalayam, Coimbatore – 641 302.

Phone : 04254-235240 Fax : 04254-235400

Website: www.kgdenim.com E-mail Id: cskgdl@kgdenim.in

NOTICE OF THE BOARD MEETING

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held through Video Conferencing at 11.45 a.m. on Thursday, February 04, 2021, inter alia, to consider and to take on record the Un-audited Financial Results of Standalone and Consolidated Accounts of the Company for the quarter and nine months ended 31st December, 2020.

Details are available at: Company website : www.kgdenim.com

Stock Exchange Website : www.bseindia.com

For K G DENIM LIMITED

KG BAALAKRISHNAN

EXECUTIVE CHAIRMAN

Coimbatore

25.01.2021

APOLLO TYRES LTD.

apollo TYRES

Regd. Office: 3rd Floor, Areekal Mansion, Near Manorama Junction, Panampilly Nagar, Kochi- 682036 (Kerala)

(CIN-L25111KL1972PLC002449) Tel: +91 484 4012046

Fax: +91 484 4012048, Email: investors@apollotyres.com

Web: apollotyres.com

KRISHANA PHOSCHEM LIMITED

Regd. Off.: 5-O-20, Basement, R.C. Vyas Colony, Bhilwara 311001 Rajasthan

CIN:L24124RJ2004PLC019288,

Website-www.krishnaphoschem.com Email- secretarial@krishnaphoschem.com Ph.: 01482237114, Fax: 01482-239638

NOTICE

Notice is hereby given that Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be held at 03:30 P.M. on Tuesday February 2, 2021 at Registered Office at 5-O-20, Basement, R.C. Vyas Colony, Bhilwara to inter-alia consider and approve the unaudited financial results along with the limited review report of the Company for the quarter ended December 31, 2020.

The Notice of meeting is also available on the website at http://www.krishnaphoschem.com and on the Stock Exchange website at http://www.nseindia.com.

By Order of the Board of Directors

For Krishana Phoschem Limited

Sd/-

(Priyanka Bansal)

Company Secretary

Place: Bhilwara

Dated: 25/01/2021

DCN NOUVELLE

DCM NOUVELLE LIMITED

Registered office: 407, Vikrant Tower, 04, Rajendra Place, New Delhi-110008

Corporate Identity Number: L17309DL2016PLC307204

Phone: 011-43678490

E-mail: dcmnouvelleltd@gmail.com, Website: www.dcmnvl.com

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, it is hereby informed that a meeting of

Dhanlaxmi Bank shareholders clear appointment of Shivan as MD & CEO, say sources

FE BUREAU

Kochi, January 25

SHAREHOLDERS OF DHANLAXMI Bank has approved appointment of JK Shivan as the next managing director and chief executive officer (CEO) of the bank, highly placed sources in the bank

For Your Information...

Sector wise water consumption in India

Irrigation: 78%

Domestic use: 6%

Industries: 5%

Power Development: 3%

Other activities: 8%

Source: NCIWRD

Compiled by Nafanuksan Research

पटरी पर कोटा, करीब 35 हजार स्टूडेंट्स पहुंचे कोटा

नीलेश कुमार शर्मा/कोटा

शिक्षा की काशी कॅरियर सिटी कोटा में कोचिंग संस्थानों क्लासेज शुरू होने के साथ ही खुशियां भी अनलॉक हो गई है। स्टूडेंट्स लगातार यहां पहुंच रहे हैं और एडमिशन लेकर पढ़ाई शुरू कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक करीब डेढ़ हजार स्टूडेंट्स रोजाना कोटा आ रहे हैं, इनमें ट्रेन, बस और व्यक्तिगत साधनों से स्टूडेंट्स पेरेन्ट्स के साथ कोटा आ रह हैं। स्टूडेंट्स के कोटा आने से यहां की रौनक दिनों-दिन बढ़ रही है। शहर बदले हुए माहौल में नजर आ रहा है। कोविड के चलते जो सड़कें, गलियां और चौराहे पिछले 10 महीनों से वीरान पड़े थे, जहां अंधेरा छाया रहता था, उन सड़कों पर अब चहल पहल होने लगी है। चाय-पोहे, जूस, फल, फास्ट फूड की थड़ियां नजर आने लगी हैं। स्टूडेंट्स यहां खाते-पीते नजर आने लगे हैं। एक अनुमान के मुताबिक करीब 35 हजार स्टूडेंट्स कोटा पहुंच चुके हैं। जैसे-जैसे कोटा पटरी पर आ रहा है, यहां के शहरवासियों के चेहरे पर मुस्कान आ रही है। स्टूडेंट्स के आने से हर वर्ग के व्यपारियों में हर्ष का माहौल है।

एक दर्जन से ज्यादा इलाके रोशन : शहर में एक दर्जन से ज्यादा इलाके ऐसे हैं,

जहां कोचिंग शुरू होने से रौनक लौटी है। शहर में मुख्यतः तीन इलाकों में कोचिंग संचालित होती है। इसमें नदीपार क्षेत्र कुन्हाड़ी, नया कोटा और बारां रोड क्षेत्र है। नए कोटा में राजीव गांधी नगर, इन्द्र विहार, तलवंडी, जवाहर नगर, महावीर नगर, महावीर नगर एक्सटेंशन, बंसत विहार, विज्ञान नगर, रीको इलेक्ट्रोनिक कॉम्पलेक्स एरिया में स्टूडेंट्स रहते हैं। वहीं लैंडमार्क सिटी, कुन्हाड़ी, बूंदी रोड़, कमला उद्यान, चंचल विहार, हाउसिंग बोर्ड, अम्बेडकर नगर, बालाजी टाउन, पार्श्वनाथ, सुभाष नगर इलाकों में कोचिंग स्टूडेंट्स रहते हैं। बारां रोड क्षेत्र में बोरखेड़ा, कोरल पार्क सहित कई क्षेत्रों कोंचग स्टूडेंट्स रहते हैं। इन इलाकों में बड़ी संख्या में हॉस्टल्स है और यहां के बाजारों में स्टूडेंट्स की ही रौनक है।

अब दिन फिरने लगे हैं : मैं राजीव गांधी नगर में जूतों की दुकान लगाता हूं। स्टूडेंट्स नहीं थे तो दुकान का खर्चा निकालना भी मुश्किल हो रहा था। जैसे-तैसे इस उम्मीद के साथ समय निकालते रहे कि कभी तो कोटा कोचिंग कब खुलेगी, हम लोगों के दिन फिरेंगे। अब स्टूडेंट्स आने लगे हैं तो शहर की रौनक लौटने लगी है। रोजाना की बिक्री में इजाफा हो रहा है।

*- **मुकेश कोटवानी,** जूता व्यापारी*

साइकिल व्यवसाय में बढ़ोतरी : लॉकडाउन में भी साइकिल की डिमांड थी लेकिन स्टूडेंट्स के आने के बाद अब एकदम बाजार में रौनक आ गई है। हर तरह की साइकिल के लिए स्टूडेंट्स आ रहे हैं। पुरानी साइकिल ठीक करने वालों के लिए भी काम बहुत हो गया है। सड़क पर दिनभर स्टूडेंट्स की भी देखकर अच्छा लगता है।

*- **हेमन्त छाबड़िया,** साइकिल व्यवसायी*

लगातार आ रहे स्टूडेंट्स : स्टूडेंट्स लगातार कोटा आ रहे हैं, पूरी गाइड लाइन की पालना करते हुए उनकी पढ़ाई करवाई जा रही है। विद्यार्थियों का साथ और अभिभावकों का भरोसा लगातार बना हुआ है। पूरा कोटा शहर स्टूडेंट्स के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पूरी तरह से समर्पित होकर कार्य कर रहा है, यह अच्छी बात है। इसी से कोटा एक बार फिर से नया अध्याय लिखने की ओर अग्रसर है।

*- **नवीन माहेश्वरी,** निदेशक, एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट*

हर छोटा-बड़ा व्यवसाय निर्भर : कोटा की अर्थ व्यवस्था की रीड माने जाने वाले कोचिंग पर हर छोटे-बड़ा व्यवसाय निर्भर होता है। हजारों लोगों की आजीविका रोजमर्रा के कार्य तक कोचिंग या इससे जुड़े कामकाज पर निर्भर है। इसमें चाय बेचने वाले, पोहे-जलेबी के ठेले, सरस बूथ, रेस्टोरेंट, फल-सब्जी, फास्ट फूड, किताबें बेचने वाले, जेरोक्स, कपड़ों, सैकंड हैण्ड साईकिलों, गद्दे, रजाई-चद्दर, जूते-चप्पल, सैलून एवं मोबाइल बेचने वाले शामिल हैं। इसके अलावा मैस वालों, ऑटो-रिक्शा संचालकां की आजीविका भी पूरी तरह से कोचिंग स्टूडेंट्स पर आधारित है। इन क्षेत्रों में हर दूसरे या तीसरे घर में कोई न कोई किराए पर रहता हुआ स्टूडेंट मिल जाएगा। लाइफ स्टाइल से जुड़ा शायद ही कोई ब्रांड हो, जिसका शोरूम यहां मौजूद नहीं होगा।

वित्तीय वर्ष एक अप्रैल की बजाय एक जनवरी से लागू हो

कोटा/निजी संवाददाता

डिविजनल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष रामकल्याण लड्ढा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से मार्च के बजाय 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे व्यवसाय जगत, उद्योग जगत एवं सरकार को वित्तीय लेखा रखने में सुविधा होगी। पूर्व में दिवाली पर लेखा बदले जाते थे फिर अप्रैल किया इससे लेखा रखने एवं कर निर्धारण में परेशानी आती है। उद्योग जगत को वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 लिखना पड़ता है। इसलिए सरलीकरण के लिए वित्तीय वर्ष को 1 जनवरी से किया जाए।

सम्पूर्ण व्यापारिक दैनिक

नफा नुकसान

राजस्थान के निम्न केन्द्रों पर उपलब्ध है

जयपुर	:	9460323908
कांकरोली	:	9414933390
सीकर	:	9166042391
कोटा	:	9414178840
अलवर	:	9414261485
उदयपुर	:	9829731366
बीकानेर	:	9829218705
भीलवाड़ा	:	9414111700
चिड़ावा	:	9783923599
नसीराबाद	:	7568692157
नवलगढ़	:	9983315255
पिलानी	:	7737218404
अजमेर	:	9929733155
किशनगढ़	:	8209445053
देवली	:	9460591722
चित्तौड़गढ़	:	9414735097
ब्यावर	:	9414009949
जोधपुर	:	8107589141
झुंझुनूं	:	9887098514
बिजयनगर	:	9461780797
जैतारण	:	9829390619
टोंक	:	9414201309
पाली	:	7742427942
सुमेरपुर	:	9928608845
भरतपुर	:	9667365632
केकड़ी	:	9214000265
लोसल	:	8876715835
जहाजपुर	:	9636994402
हनुमानगढ़ टाउन	:	9269094124
श्रीगंगानगर	:	9414094108
कोटपूतली	:	9352885258

गजनेर औद्योगिक क्षेत्र में भूखंडों की ई- नीलामी 16 से

बीकानेर/नि.सं.। रीको द्वारा बीकानेर जिले में जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर विकसित किए जा रहे गजनेर औद्योगिक क्षेत्र में आरक्षित श्रेणियों के लिए आवंटित किए जाने वाले भूखंड को लेकर लॉटरी की प्रक्रिया 22 जनवरी 2021 को पूर्ण कर ली गई। इस संबंध में बीचवाल उद्योग संघ के अध्यक्ष सुंदर जोशी व सचिव किशोर पारीक ने वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक अनूप सक्सेना से चर्चा की। अध्यक्ष जोशी के अनुसार वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि यह लॉटरी कोलायत के उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार के पक्ष में आयोजित की गई थी जिसमें रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एवं राजस्थान वित्त निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे। लॉटरी में विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के कुल 12 भूखंड आरक्षित किए गए हैं । औद्योगिक क्षेत्र गजनेर बीकानेर में विभिन्न श्रेणी के कुल 60 भूखंड प्रथम बार आवंटन के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं जिनकी की ई-नीलामी 16 से 18 फरवरी 2021 के मध्य होगी। इच्छुक व्यक्ति आवेदन् 27 जनवरी से 15 फरवरी 2021 तक अमानत राशि जमा करवाकर ई- नीलामी में भाग ले सकते हैं। इन भूखंडों के लिए आरक्षित दर 1500 रुपए प्रति वर्ग मीटर निर्धारित की गई है।

उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के व्यवसायों को मिलेगा उत्कृष्टता का पुरस्कार

उदयपुर/नि.सं.। वर्ष 2021 में दिये जाने वाले यूसीसीआई एक्सीलेन्स अवार्ड्स की घोषणा कर दी गई है एवं उदयपुर सहित दक्षिणी राजस्थान के आठ जिलों से उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। वर्ष 2020-21 के लिए यूसीसीआई की एक्सीलेन्स अवार्ड्स सब-कमेटी के चेयरमेन पूर्वाध्यक्ष श्री सी.पी. तलेसरा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी नौ श्रेणियों में पुरस्कार दिए जायेंगे जिसमें मैन्युफेक्करिंग क्षेत्र की चार श्रेणियां- माईक्रो, स्मॉल, मीडियम एवं लार्ज हैं। सेवा क्षेत्र की तीन श्रेणियां - स्मॉल, मीडियम एवं लार्ज है। सीएसआर क्षेत्र में एक पुरस्कार तथा सोशल एन्टरप्राईज क्षेत्र के लिए एक पुरस्कार निर्धारित है। यह सभी पुरस्कार उन उद्यमियों को प्रदान किये जायेंगे जो इन पुरस्कारों की चयन प्रक्रिया से गुजरते हुए अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर पायेंगे। एक्सीलेन्स अवार्ड्स सब-कमेटी के को-चेयरमेन पूर्वाध्यक्ष विनोद कुमट ने बताया कि इस वर्ष यह पुरस्कार अप्रैल माह में आयोजित विशेष समारोह में दिया जाना प्रस्तावित है।

पुरस्कारों की आवेदन प्रक्रिया के तहत दो चरणों में आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। प्रथम चरण में सभी इच्छुक प्रतिभागियों को एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट फॉर्म भरना होगा जिसमें प्राथमिक जानकारी मांगी गई है। प्रथम चरण में चयनित प्रतिभागियों से द्वितीय चरण का आवेदन पत्र भरवाया जाएगा, जो अधिक विस्तृत होगा। विस्तृत जानकारी के लिए यूसीसीआई की अधिकारिक वेबसाईट पर यूसीसीआई एक्सीलेन्स अवार्ड हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। यूसीसीआई के अध्यक्ष कोमल कोठारी ने सभी उद्योग संघो तथा दक्षिणी राजस्थान के सभी उद्यमियों से आव्हान किया है कि वे इन पुरस्कारों में भाग लें तथा अपना आवेदन यूसीसीआई की वेबसाईट पर ऑनलाईन जमा करायें।

इन पुरस्कारों के माध्यम से राजस्थान के उद्योगों एवं व्यवसायों में प्रतिस्पर्धा तथा उत्कृष्टता का संचार करना ही यूसीसीआई का मुख्य उद्देश्य है।

विचार सागर

"भरोसा वह दौलत है जिसे कमाया नहीं जाता, बल्कि जीता जाता है। भगवान में आस्था है तो उलझनों में भी रास्ता है।"

- पी.सी. वर्मा

"निकम्मेपन से बचने का एक ही उपाय है कि हम हर क्षण का सदुपयोग करते चलें।"

- के.आर. कमलेश

Thoughts of the time

In our country we have those three unspeakably percious things: freedom of speech, freedom of conscience, and the prudence never to practice either.

- Mark Twain

राजस्थानी कहावत

खल खाई नै भल आई

खल खाते ही चमक आ जाती है

- पौष्टिक आहार नियमित लें तो चमक आ जाती है।
- दुधारू पशुओं का दूध भी खल खिलाने से बढ़ जाता है।

-स्व. विजय दान देथा

साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा

बाजार

बीएसई सेन्सेक्स	48347	-530
एनएसई निफ्टी	14238	-133
इंडिया विक्स	23.24	0.42
एमसीएक्स कॉमडेक्स	10616	94
एनसीडीईएक्स एग्रीडेक्स	1139	-14
डॉलर (रुपये में)	72.93	-0.04
यूरो (रुपये में)	88.70	-0.14
कच्चा तेल (डालर/बैरल)	52.63	0.41
लंदन ब्रेंट क्रूड (डालर/बैरल)	55.80	0.39
एल्यूमिनियम (डॉलर/टन)	1975	-17
तांबा (डॉलर/टन)	7872	-180
निकल (डॉलर/टन)	17906	-480
टिन (डॉलर/टन)	22000	-645
जिंक (डॉलर/टन)	2651	-55
सोना (डॉलर /औंस)	1863	13
सोना (MCX, रु. प्रति 10 ग्राम)	49237	97
चांदी (MCX, रु. प्रति किलो)	66976	334

यह भाव शाम 6.00 बजे तक के हैं।

मंगलवार के चौघड़िए

सम्वत् 2077 पौष सुदी त्रयोदशी
राहुकाल : अपराह्न 3:00 से 4:30 बजे तक
सूर्योदयः 7.19 बजे और सूर्यास्त : 6.00 बजे

प्रातः 7.19 से 8.39	रोग
8.39 से 9.59	उद्वेग
9.59 से 11.19	चर
11.19 से 12.39	लाभ
12.39 से 1.59	अमृत
1.59 से 3.19	काल
3.19 से 4.39	शुभ
4.39 से सूर्यास्त 6.00	रोग
रात्रि 6.00 से 7.42	काल
7.42 से 9.25	लाभ
9.25 से 11.07	उद्वेग

नेशनल/इंटरनेशनल

सौर ऊर्जा डेवलपरों ने कहा, बजट में उपकरणों पर मूल सीमा शुल्क लगाने से परहेज करे सरकार

नयी दिल्ली/एजेंसी

सौर ऊर्जा डेवलपरों ने सरकार से आगामी बजट में सौर ऊर्जा उपकरणों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) लगाने से बचने की मांग की है। डेवलपरों का कहना है कि अभी कुछ समय के लिये सरकार को सौर ऊर्जा उपकरणों पर मूल सीमा शुल्क लगाने से बचना चाहिये। डेवलपरों को आशंका है कि यदि अभी शुल्क लगाया जाता है तो 2022 तक 175 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा का सरकार का लक्ष्य पटरी से उतर सकता है।

उद्योग जगत के अनुमान के अनुसार, देश में 35 गीगावॉट नवीकरणीय (अक्षय) ऊर्जा क्षमता के लिये 1.75 लाख करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता है। लगभग 50 गीगावॉट स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं क्रियान्वयन में हैं। भारत ने पहले ही 90 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा की क्षमता प्राप्त कर ली है, जिसमें 37 गीगावॉट सौर और 38 गीगावॉट पवन ऊर्जा शामिल है। भारत का 2022 तक 175 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसमें 100 गीगावॉट सौर और 60 गीगावॉट पवन ऊर्जा शामिल है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी।

इससे पहले पिछले साल जून में बिजली मंत्री आर के सिंह ने सौर उपकरणों पर मूल सीमा शुल्क लगाने के सरकार के इरादे के बारे में स्पष्ट रूप से संकेत दिया था। सोलर पावर डेवलपर्स एसोसिएशन (एसपीडीए) के महानिदेशक शेखर दत्त ने कहा, "घरेलू निर्माताओं के परिपक्व होने तक सौर उपकरणों पर बीसीडी को स्थगित करने की आवश्यकता है। कोविड-19 महामारी के कारण आपूर्ति श्रृंखला के वर्तमान व्यवधान को देखते हुए सौर उपकरणों के आयात पर निर्भरता को कम किया जाना चाहिये।"

मुंबई में ओंकार ग्रुप के 10 ठिकानों पर ईडी के छापे

मुंबई/आईएएनएस। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को मुंबई में ओंकार ग्रुप के बिल्डरों और इसके अधिकारियों बाबूलाल वर्मा और कमल किशोर गुप्ता से जुड़े 10 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की। ईडी के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, आज ईडी के छापे में मुंबई के प्रमुख बिल्डरों में से एक ओंकार ग्रुप के सात आवासीय और तीन कार्यालय परिसर शामिल थे। अधिकारी ने कहा कि जिन ठिकानों पर छापेमारी की गई वो वर्मा और गुप्ता से जुड़े हैं।

कृष्णा फोस्केम लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय 5-ओ-20, बेसमेंट, आर.सी.व्यास कॉलोनी,भीलवाड़ा - 311001, राजस्थान
सीआईएन - L24124RJ2004PLC019288
फोन न.- 01482-237104, फैक्स न. -01482-239638 ई-मेल : secretarial@krishnaphoschem.com वेबसाइट : www.krishnaphoschem.com

सूचना

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग की बाध्यता और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 29 एवं विनियमन 47 के अनुसार, एतदर्थ सूचित किया जाता हैं कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 02 फरवरी, 2021 को दोपहर 03:30 बजे, पंजीकृत कार्यालय 5-ओ -20, बेसमेंट, आरसी. व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा में आयोजित की जाएगी , जिसमे अन्य विषयों के साथ 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी की अन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों एवं सीमित समीक्षा रिपोर्ट पर विचार एवं अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट http://www.krishnaphoschem.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट http://www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

स्थान- भीलवाडा
तिथि- 25/01/2021

निर्देशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते कृष्णा फोस्केम लिमिटेड
हस्ताक्षरित /-
(प्रियंका बंसल)
कम्पनी सचिव

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक ~ नियमन / 2020 / एमयूटी न. 2413 — दिनांक 15-01-2021

-आम सूचना-

एतद द्वारा श्रीमती कविता चनानी पत्नी श्री पुरूषोतम अग्रवाल द्वारा राजस्व ग्राम आरजिया की आराजी 445/3 गैर योजना में भूखण्ड संख्या बी-243 साईज
21.80 × 12 = 261.60 वर्गमीटर का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा दिनांक 19-10-2016 को कराया गया था।

भूखण्डधारी के मु.आम श्री रमेश अग्रवाल पिता श्री पुरूषोतम अग्रवाल द्वारा भूखण्ड संख्या बी-243 साईज 21.80 × 12 = 261.60 वर्गमीटर श्री सोहनलाल शर्मा पिता चुन्नीलाल शर्मा को विक्रय कर दिया हैं।

श्री सोहनलाल शर्मा पिता चुन्नीलाल शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम आरजिया के आराजी 445 के भूखण्ड संख्या बी-243 के नामान्तरण बाबत यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर/एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी(नियमन)-नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, नगर खंड-II (दक्षिण), जयपुर

क्रमांक/अ.अ./न.ख.II (द.)2020-21/4526-39 — दिनांक :- 7.1.2021

निविदा सूचना संख्या 37-38 वर्ष 2020-21

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खंड के अधिन निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा संबंधि विवरण www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा निम्नानुसार निर्धारित दिनांक तक ऑनलाइन बेची जाकर निर्धारित दिनांक को 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

S.No.	NIT No./Year	Amount (in Lacs)	UBN No.
1	37/2020-21	18.11	PHE2021WSOB08622
2	38/2020-21	16.61	PHE2021WSOB08623

विशाल सक्सेना
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
नगर खंड-II (दक्षिण), जयपुर

DIPR/C/607/2021



आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

vedanta transforming elements | HINDUSTAN ZINC Zinc & Silver of India

World's leading integrated Zinc-Lead Producer | World's 6th largest integrated Silver Producer

Hindustan Zinc Limited
Yashad Bhawan | Near Swaroop Sagar | Udaipur - 313004 | Rajasthan | India
P : +91 294-6604000-02 | www.hzlindia.com | CIN - L27204RJ1906PLC001208
www.facebook.com/HindustanZinc | www.twitter.com/CEO_HZL
www.twitter.com/Hindustan_Zinc | www.linkedin.com/companyhindustanzinc

हेल्थकेयर सेक्टर को बजट में मिल सकता है बड़ा एलोकेशन

नयी दिल्ली/एजेंसी। कोविड-19 महामारी की वजह से लोगों के जीवन में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो गई है। क्षेत्र की कंपनियों का कहना है कि ऐसे में आज देश के स्वास्थ्य सेवा ढांचे में सुधार के लिए ऊंचे बजट आवंटन की जरूरत है। फार्मा क्षेत्र ने 'दुनिया की फार्मेसी' में प्रमुख भूमिका निभाई है। फार्मा क्षेत्र को उम्मीद है कि आगामी बजट में विशेष रूप से शोध एवं विकास तथा नवोन्मेषण के लिए समर्थन दिया जाएगा। नैटहेल्थ की अध्यक्ष एवं अपोलो हॉस्पिटल्स की कार्यकारी वाइस-चेयरपर्सन प्रीता रेड्डी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि महामारी की वजह से देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र में बड़ा बदलाव आया है।

उन्होंने कहा, "इस वजह से स्वास्थ्य सेवा ढांचे में निवेश बढ़ाने, स्वाथ्यकर्मियों के कौशल विकास और प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने, प्रभावी पीपीपी मॉडल और स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने की जरूरत है।" रेड्डी ने कहा कि इस बार सरकार के लिए ये प्रमुख प्राथमिकताएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, "निजी क्षेत्र की कंपनियां उम्मीद कर रही हैं कि इस बार बजट में क्षेत्र को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे उनकी स्थिति में सुधार होगा और साथ ही वे दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों में विस्तार कर सकेंगी।'

फोर्टिस हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशुतोष रघुवंशी ने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए अधिक बजट आवंटन की जरूरत है। रघुवंशी ने कहा कि यह क्षेत्र न केवल विदेशी मुद्रा आमदनी अर्जित करने बल्कि रोजगार देने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस (आईपीए) के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, कुल नीति पारिस्थितिकी तंत्र स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर जोर देने वाला और स्वास्थ्य ढांचे के निर्माण पर केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फार्मा उद्योग शोध एवं विकास तथा नवोन्मेषण के लिए समर्थन और प्रोत्साहन की उम्मीद कर रहा है।

कार्यालय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

क्रमांक:-एन-1(2)आरपीए/जन/नाकारा/16/485-99 — दिनांक :- 19.1.2021

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस संस्था के जनरल स्टोर का नाकारा एवं अनुपयोगी सामान जिसमें कम्प्यूटर, लेपटॉप, फैक्स मशीन, टी.एफ.टी., लकड़ी, प्लास्टिक, स्टील, लौहा, कपड़ा, जूट, फोम, एल्युमिनियम, रबर, सुती/नायलान, लेदर का सामान इत्यादि विविध प्रकार का सामान सम्मिलित है तथा जिसकी अनुमानित कीमत 46,25,510/- रु. है, की नीलामी दिनांक 11.02.2021 को 11.30 ए.एम. पर आयोजित की जा रही है। अतः इच्छुक बोलीदाता/बिडर्स राजस्थान पुलिस अकादमी के जनरल स्टोर परिसर में निर्धारित समय पर पहुंच कर नीलामी में भाग लेने हेतु सूचित हों। अनुपयोगी नीलामी योग्य सामानों की सर्वे सूची-नीलामी शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। बोलीदाता बयाना राशि पेटे 50,000/रु. जमा करवाने पर ही नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकेगा।

उप निदेशक एवं प्राचार्य
राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

DIPR/C/709/2021

राजस्थान राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था
तृतीय तल, पंत कृषि भवन, जनपथ, जयपुर-302005

क्रमांक: एफ. 2(89)बीप्रसं/संस्थापन/2021/9388 — दिनांक :- 13.1.2021

उच्च कुशल (कम्प्यूटर ऑपरेटर) मानव संसाधन हेतु अल्पकालीन ई-बोली आमंत्रण

इस संस्था को उच्च कुशल (कम्प्यूटर ऑपरेटर) मानव संसाधन अनुमानित लागत 30.00 लाख रुपयें संस्था मुख्यालय जयपुर एवं राजस्थान राज्य में स्थित ईकाई कार्यालयों में उपलब्ध करवाने के लिए पंजीकृत संवेदकों से दिनांक 25.01.2021 को मध्यान्ह पश्चात 3.30 बजे तक ऑनलाईन ई-प्रोक्यूरमेंट/ ई-टेण्डरिंग के माध्यम से बिड/ बोली आमंत्रित की जाती है।

निविदा का विस्तृत विवरण संस्था की वेबसाईट http://www.agriculture.rajasthan.gov.in व SPP Portal की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov पद एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. SCA2021SLOB00006
DIPR/C/513/2021

सुरेन्द्र कुमार जैन
निदेशक